Live हिन्दुस्तान .com

गाड़ियों की तलाशी में 53 हजार रुपये के नकली नोट बरामद, 4 युवक गिरफ्तार

मधेपुरा मुरलीगंज। हिन्दुस्तान टीम

Last updated: Thu, 21 Jun 2018 11:10 PM

पुलिस ने 53 हजार 650 रुपये के जाली नोट के साथ चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। एक चारपहिया वाहन की तलाशी के दौरान जाली नोट बरामद किया गया।

मुरलीगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को परसादी चौक से बेलोचामगढ़ रोड चौक की ओर जानेवाले रोड में एक चारपहिया वाहन की तलाशी के दौरान जाली नोट बरामद किया। इन नोटों की मुरलीगंज एसबीआई के शाखा प्रबंधक से जांच करायी गयी। पुलिस के अनुसार इन जाली नोटों में 500 के 18 नोट, 100 के 3 नोट और 50 के 887 नोट बरामद किये गये हैं। पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर लिया है।

एसपी बाबू राम ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मुरलीगंज के थानाध्यक्ष को बुधवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि शहर के बेंगापुल के पास नकली नोट के कारोबार से जुड़ा एक युवक अपने साथी का इंतजार कर रहा है। वहां पहुंचने पर युवक पुलिस को देख भागने लगा। लेकिन जवानों ने उसे पकड़ कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 100 रुपये के तीन नोट बरामद हुए।

पूछताछ में गिरफ्तार युवक अवधेश कुमार ने बताया कि वह जानकी नगर थाना क्षेत्र के सहुरिया वार्ड 7 का रहने वाला है और उसके दो साथी एक चारपहिया वाहन पर नकली नोट की खेप लेकर परसादी चौक होते हुए बिहारीगंज की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने परसादी चौक से बेलोचामगढ़ रोड की नाकेबंदी कर अहले सुबह साढ़े चार बजे वाहन पर सवार दो युवकों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 50 रुपये के 887 नकली नोट बरामद किये गये। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवक घैलाढ़ थाना क्षेत्र के अर्राहा गांव के संजय सिंह और रोशन सिंह हैं। पुलिस ने युवक की निशानदेही पर कटिहार फलका के खैरा गांव निवासी संजीव कुमार साह को गिरफ्तार कर लिया।

Source: https://www.livehindustan.com/bihar/bhagalpur/story-four-arrested-with-fake-rupees-of-53-thousand-in-murliganj-of-madhepura-2027026.html